संख्या-322/2021/378ई/23-11-2021-1/1(31)/2019

प्रेषक,

राजेश कुमार पाण्डेय,
अनु सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

प्रमुख अभियन्ता (विकास) एवं विभागाध्यक्ष,
लोक निर्माण विभाग,
उ0प्र0 लखनऊ।

लोक निर्माण अनुभाग-11 **लखनऊ : दिनांक 25 मार्च, 2021**

विषय:- वित्तीय वर्ष 2020-21 में राज्य/प्रमुख, अन्य जिला मार्गो के चौड़ीकरण एवं सुदृढीकरण योजनान्तर्गत धनावंटन के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक मुख्य अभियंता (मु0-1), लोक निर्माण विभाग, लखनऊ के पत्र संख्या-15256बी0जी0/7बी0-मांग/2020-21, दिनांक 24-03-2021 के संदर्भ में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि अधोलिखित तालिका-क में अंकित 08 चालू कार्यो पर वित्तीय वर्ष 2020-21 में आवंटित की गयी धनराशि के सापेक्ष कुल धनराशि 417.13 लाख की प्राप्त सम्भावित बचत की धनराशि का समायोजन स्वीकार करते हुये तालिका-ख में अंकित जनपद मऊ के 01 चालू कार्य पर उक्त समायोजित धनराशि रू0 417.13 लाख (रूपये चार करोड़ सत्रह लाख तेरह हजार मात्र) आवंटित किये जाने की श्री राज्यपाल निम्नलिखित शर्तो के अधीन सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते है:-

तालिका-क (धनराशि रूपये लाख में)

क्र0 सं0	खण्ड का नाम	कार्य का नाम	स्वीकृत लागत	अब तक आवंटन	वित्तीय वर्ष 2020-21 में आवंटन	क्षेत्र से प्राप्त बचत	समायोजित धनराशि		
							अनु0 सं0-58	अनु0 सं0-83	योग
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10
1	नि0ख0-1 बाराबंकी	जनपद बाराबंकी में सिरौली गौसपुर तहसील मुख्यालय को दो लेन मार्ग (अन्य जिला मार्ग) से जोड़े जाने के कार्य (सफदरगंज बदोसराय होते हुये) (लम्बाई 22.850 किमी0)	**2602.08**	**2602.08**	**1300.10**	**21.50**	**16.94**	**4.56**	**21.50**
2	प्रा0ख0 बदायूँ	मुरादाबाद-फर्रूखाबाद मार्ग के कि0मी0 118 से वि0ख0 मुख्यालय जगत तक मार्ग का चौड़ीकरण व सुदृढीकरण कार्य। (लम्बाई 3.80 कि0मी0)	**822.43**	**822.43**	**41.12**	**10.29**	**8.11**	**2.18**	**10.29**
3	नि0ख0-1 बरेली	रम्पुरा मोड़ से अलीगंज मार्ग के कि0मी0-1 से 14(880) तक चौड़ीकरण एवं सुदृढीकरण। (लं0-13.880 किमी0)	**1641.94**	**1543.00**	**200.00**	**20.00**	**15.76**	**4.24**	**20.00**
4	नि0ख0 भवन झांसी	जनपद झांसी में रानीपुर-रतौसा मार्ग (अन्य जिला मार्ग) के कि0मी0 1 से 4 तक (लम्बाई 4.00 कि0मी0) में चौड़ीकरण एवं सुदृढीकरण कार्य।	**660.68 607.65**	**602.00**	**500.00**	**40.00**	**31.52**	**8.48**	**40.00**
5	प्रा0ख0 गोण्डा	जनपद गोण्डा में डुमरियागंज गौराचौकी मसकनवा कटरा अयोध्या मार्ग (अ0जि0मा0) के चौड़ीकरण एवं सुदृढीकरण का कार्य (लम्बाई 26.63 कि0मी0)	**6135.79**	**6135.79**	**591.83**	**90.16**	**71.04**	**19.12**	**90.16**
6	प्रा0ख0 मिर्जापुर	जनपद मिर्जापुर में मेडिकल कालेज को 02 लेन चौड़े मार्ग (अन्य जिला मार्ग, लम्बाई 2.500 कि0मी0) से जोड़ने का कार्य।	**466.28**	**466.28**	**333.28**	**23.00**	**18.12**	**4.88**	**23.00**
7	नि0ख0-3 गोरखपुर	प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के घटक अर्फोडेबल हाउसिंग-इन पार्टनरशिप के अन्तर्गत झुंगिया फर्टिलाईजर मार्ग (अन्य जिला मार्ग) के कि0मी0 01 से आवास परिसर तक मार्ग का निर्माण कार्य। (लम्बाई 1.050 किमी0)	**203.18**	**203.18**	**102.18**	**37.18**	**29.29**	**7.89**	**37.18**
8	मैनपुरी नि0ख0	जनपद मैनपुरी में मैनपुरी-ओछा रोड से देवी रोड तक (मैनपुरी-ज्योति, अन्य जिला मार्ग, कि0मी0 1 एवं देवी रोड बाईपास अन्य जिला मार्ग) मार्ग का चार लेन तक चौड़ीकरण एवं सौन्दर्यीकरण कार्य।	**3569.08**	**1658.62**	**850.00**	**175.00**	**137.88**	**37.12**	**175.00**
		योग:-					328.66	88.47	417.13

तालिका-ख (धनराशि रूपये लाख में)

क्र0 सं0	खण्ड का नाम	कार्य का नाम	स्वीकृत लागत	अब तक आवंटन	अवमुक्त धनराशि		
					अनु0 सं0-58	अनु0 सं0-83	योग
1	2	3	4	5	6	7	8
1	नि0ख0 मऊ	चिरैयाकोट मुहम्मदाबाद-घोसी- मधुबन मार्ग के छूटे हुए भाग के सुदृढीकरण का कार्य (किमी0 30, 31, 33 (940), 34, 35, 36, 37, 38, 39, 43, 44 व 53) (लम्बाई 11.940 कि0मी0)।	1852.36	353.68	328.66	88.47	417.13

(1) प्रश्नगत चालू कार्य हेतु आवंटित धनराशि का व्यय/उपयोग वित्त विभाग द्वारा निर्गत आदेशों/ज्ञापों में उल्लिखित शर्तो के अनुसार बजट मैनुअल एवं वित्तीय हस्त पुस्तिका के नियमों, स्थाई आदेशों आदि का अनुपालन सुनिश्चित करते हुए किया जायेगा तथा किसी भी दशा में प्रश्नगत कार्य हेतु आवंटित धनराशि का उपयोग किसी अन्य मद में नहीं किया जायेगा।

(2) प्रश्नगत कार्य हेतु आवंटित धनराशि का उपयोगिता प्रमाण-पत्र/कार्य के सपंरिक्षित लेखा निर्धारित समयावधि में कार्यालय महालेखाकार, उ0प्र0, प्रयागराज एवं शासन को उपलब्ध करा दिया जाय।

(3) उक्त सम्भावित बचत की धनराशि की उपलब्धता एवं आवंटित धनराशि की आवश्यकता की सम्पूर्ण जिम्मेदारी सम्बन्धित मुख्य अभियन्ता की होगी।

(4) उपरोक्त तालिका-क में अंकित कार्यो पर वित्तीय वर्ष 2020-21 में धनराशि आवंटन विषयक शासनादेश को उक्त सीमा तक संशोधित समझा जाय।

(5) उक्त परियोजनाओं के सम्बन्ध में प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति विषयक मूल शासनादेश की शेष शर्ते एवं प्रतिबंध यथावत लागू रहेंगी।

2- प्रश्नगत कार्य पर होने वाला व्यय वित्तीय वर्ष 2020-21 के आय-व्ययक में अनुदान सं0-58 के लेखाशीर्षक-5054-सड़को तथा सेतुओं पर पूंजीगत परिव्यय-04-जिला तथा अन्य सडकें-337-सड़क निर्माण कार्य-13-एकमुश्त व्यवस्था-1323-राज्य/प्रमुख/अन्य जिला मार्गो के चालू कार्यो हेतु व्यवस्था (राज्य सेक्टर)-24-वृहत निर्माण कार्य एवं अनुदान सं0-83 के अन्तर्गत लेखाशीर्षक-5054-सड़को तथा सेतुओं पर पूंजीगत परिव्यय-04-जिला तथा अन्य सडकें-789-अनुसूचित जातियों के लिये विशेष घटक योजना-13-राज्य/प्रमुख/अन्य जिला मार्गो के कार्यो हेतु-24 वृहत निर्माण कार्य के नामे डाला जायेगा।

3- यह आदेश वित्त विभाग के शासनादेश संख्या-1/2021/बी-1-141/दस-2021-231/2020 दिनांक 20-01-2021 एवं शासनादेश संख्या-04/2020/बी-1-192/दस-2020-231/2020, दिनांक 07-04-2020 में प्रतिनिधानित अधिकारों के अधीन जारी किया जा रहा है।

भवदीय,

(राजेश कुमार पाण्डेय)
अनु सचिव।

संख्या-322/2021/378ई(1)/23-11-2021-तद्दिनांक।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः-

1- निजी सचिव, मा0 उप मुख्यमंत्री, लोक निर्माण विभाग, उ0प्र0।
2- महालेखाकार (लेखा एवं हकदारी) प्रथम/द्वितीय, उ0प्र0 प्रयागराज।
3- महालेखाकार (लेखा-परीक्षा) प्रथम/द्वितीय, उ0प्र0 प्रयागराज।
4- सम्बन्धित मण्डलायुक्त/जिलाधिकारी।
5- निदेशक, स्थानीय निधि, लेखा परीक्षा विभाग, उ0प्र0 प्रयागराज।
6- मुख्य अभियन्ता (मु0-1) लोक निर्माण विभाग लखनऊ।
7- वित्त नियंत्रक, लोक निर्माण विभाग, लखनऊ।
8- सम्बन्धित मुख्य अभियन्ता, लोक निर्माण विभाग।
9- वित्त (व्यय-नियंत्रण) अनु0-8/वित्त (आय-व्ययक) अनु0-1, उ0प्र0 शासन।
10-राज्य योजना आयोग-1/2, उ0प्र0 शासन।
11- अधीक्षण अभियन्ता नियोजन/परियोजना, लोक निर्माण विभाग, लखनऊ।
12- लोक निर्माण अनुभाग-1/9/10/12 एवं 14, उ0प्र0 शासन।
13- डाटा सेल, लोक निर्माण विभाग, उ0प्र0 शासन।
14- गार्ड फाइल।

आज्ञा से,

(राजेश कुमार पाण्डेय)
अनु सचिव।